दैनिक जागरण 20/oct/2023

उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

जागरण संवाददाता, देहरादून : महिला समन्वय एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तहत आयोजित पांच दिवसीय उत्तराखंड विकास प्रदर्शनी में उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नटराज क्लब की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिसमें मां दुर्गा व मां नंदा देवी की डोली के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

दून विवि के डा नित्यानंद हिमालय शोध एवं अध्ययन केंद्र सभागार में उद्यमिता महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में उद्यमिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाएं एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल भी मौजूद रहीं ● जागरण

गुरुवार को दून विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित उद्यमिता महिला सम्मेलन व सम्मान समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की नारी समस्त क्षेत्रों में परचम लहरा रही है। महिलाएं विभिन्न उद्यमों को अपनाते हुए अपने आप को सशक्त करते हुए समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का काम तथा नेतृत्व करने के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम हमारे देश की महिलाओं के लिए बड़ी सौगात है, जो कि राजनैतिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने का काम करेगा। भाजपा युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कहा कि हमारा देश और हमारी संस्कृति इस देश की नारी शक्ति की दी हुई पहचान है।

उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न छात्र-छात्राओं को कहा कि युवा पीढ़ी देश का आने वाला भविष्य है। हमें सशक्त होना होगा और अपने आपको मजबूत करना होगा। कार्यक्रम की प्रांत समन्वय डा. अंजली वर्मा ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए विभिन्न समूह के उदाहरण दिए और योजनाओं की जानकारी देकर मार्ग प्रशस्त किया। इस मौके पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व राज्यमंत्री रजनी कुकरेती, डा. दिव्या नेगी, सुमन चौहान, ललित जोशी, विशंभर नाथ बजाज आदि मौजूद रहे।